Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to revive shuttle and passenger train services for smaller railway stations for the benefit of local passengers in Hoshangabad.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): माननीय सभापति जी, सबसे पहले मैं कोविड के समय बेहतर प्रबंधन के लिए रेल मंत्रालय का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। साथ ही आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करूँगा कि कोरोना काल में जो ट्रेन बंद हुई हैं, मेरे संसदीय क्षेत्र होशंगाबाद-नरसिंहपुर में शटल और पैसेंजर ट्रेन बंद की गई थी। इससे छोटे-छोटे स्टेशन पर प्रभाव पड़ा है।... (व्यवधान)

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि गुर्रा, बोहानी, सालीचौका, जुनहेटा, बागरातवा, सोनतलाई, गुरमखेड़ी जैसे छोटे स्टेशनों पर यात्रियों को लाभ मिले, वहाँ के अप-डाउनर्स को सुविधा मिले।... (व्यवधान) वहाँ शटल और पैसेंजर ट्रेन दोबारा चालू कराई जाए। एक मेमू ट्रेन और चालू करें, जिससे स्थानीय पैसेजेंर्स को लाभ मिल सके।... (व्यवधान)

महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।... (व्यवधान)